रियल्टी शेयरों की चमक बढ़ने के आसार

राम प्रसाद साहू
मुंबई, 8 अक्टूबर

बदलाव की उम्मीद

- रेटिंग में सुधार परिचालन प्रदर्शन और सुधरते नकदी प्रवाह की निरंतरता पर निर्भर करेगा
- रियल्टी सूचकांक ने पिछले शुक्रवार को सेक्टोरल सूचकांकों में तेजी को बढ़ावा दिया
- आरबीआई द्वारा त्योहारी सीजन से पहले दरों पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्णय के बाद रियल्टी सूचकांक में शानदार तेजी आई

बीएसई रियल्टी सूचकांक मजबूत प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में से एक के तौर पर उभरा है और इसने पिछले 6 महीनों में 45 प्रतिशत का शानदार प्रतिफल दिया है। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से तीन प्रख्यात कंपनियों ने निवेशकों की पूंजी इस अवधि के दौरान 43-70 प्रतिशत तक बढ़ाई।

यदि मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढा) और शोभा से वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही अपडेट के साथ तिमाही के लिए उद्योग के आंकड़ों पर भरोसा किया जाए तो संकेत मिलता है कि बड़ी कंपनियों के लिए मजबूत बुकिंग का रुझान बरकरार रह सकता है।

रियल्टी सूचकांक ने पिछले शुक्रवार को सेक्टोरल सूचकांकों में तेजी को बढ़ावा दिया। आरबीआई द्वारा त्योहारी सीजन से पहले दरों पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्णय के बाद इस सूचकांक में 3 प्रतिशत की तेजी (सेंसेक्स के 0.5 प्रतिशत के विपरीत) आई। आरबीआई के इस निर्णय से निवेशक धारणा मजबूत हुई है।

पारंपरिक तौर पर कमजोर समझी जाने वाली दूसरी तिमाही में मैक्रोटेक ने अपनी सर्वाधिक बुकिंग दर्ज की और इस हिसाब से वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह आंकड़ा बढ़कर 3,530 करोड़ रुपये हो गया। पहली दो तिमाहियों में कंपनी ने 6,900 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की और 14,500 करोड़ रुपये के अपने वित्त वर्ष 2024 के बुकिंग अनुमान को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में कोई नई पेशकश नहीं होने के बावजूद कंपनी ने सात नए स्थानों पर परियोजनाएं पेश करने की योजना बनाई है। 2,750 करोड़ रुपये के मजबूत संग्रह के साथ मैक्रोटेक तिमाही के दौरान अपना कर्ज 540 करोड़ रुपये तक घटाकर 6,730 करोड़ रुपये पर करने में कामयाब रही। प्रबंधन ने अपना शुद्ध कर्ज 1 गुना परिचालन नकदी प्रवाह या 0.5 गुना इक्विटी से नीचे लाने के अपने पूरे वर्ष के लक्ष्य को हासिल करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। बेंगलूरु की रियल्टी कंपनी शोभा ने भी तिमाही में 1,724 करोड़ रुपये के साथ सर्वाधिक बिक्री दर्ज की, जो एक साल पहले की अवधि के मुकाबले 48 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी के लिए बुकिंग 16.9 करोड़ वर्ग फुट की ऊंचाई पर पहुंच गई जिससे पिछले वर्ष के मुकाबले 26 प्रतिशत की वृद्धि का पता चलता है। कंपनी के लिए बेंगलूरु ने 932 करोड़ रुपये मूल्य के साथ सर्वाधिक बिक्री दर्ज की और 10 लाख वर्ग फुट से ज्यादा बिक्री में इसका योगदान रहा। तिमाही में कंपनी के लिए कुल बिक्री में इसका 60 प्रतिशत योगदान रहा।

मोतीलाल ओसवाल रिसर्च का अनुमान है कि बेंगलूरु स्थित अन्य डेवलपर प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स 5,000 करोड़ रुपये की सर्वाधिक तिमाही पूर्व-बिक्री दर्ज करेगी, जिससे सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की वृद्धि का पता चलता है। यह वृद्धि बेंगलूरु और हैदराबाद में नई पेशकशों को मिली शानदार प्रतिक्रिया की वजह से दर्ज की गई है। ध्यान देने की बात यह है कि प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स ने पेश की गई परियोजनाओं का ज्यादातर हिस्सा बेचने में सफलता हासिल की।

ऐंटीक स्टॉक ब्रोकिंग की एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रेड ए डेवलपरों से तैयार परियोजनाओं के अभाव की वजह से गुरुग्राम आवासीय बाजार में लगातार तेजी आई है।

प्रख्यात कंपनी होने की वजह से डीएलएफ बाजार में दबदबा रखती है। तिमाही में बड़ी नई पेशकशों के अभाव के बावजूद बिक्री बुकिंग को मौजूदा परियोजनाओं से मदद मिलने की संभावना है। ब्रोकरेज ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के लिए 2,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग (सालाना आधार पर सपाट बने रहने) का अनुमान जताया है।

रियल एस्टेट कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक का मानना है कि पूरे देश में आवासीय मांग जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 82,612 यूनिट पर पहुंच गई, जो एक साल पहले के मुकाबले 12 प्रतिशत और पूर्ववर्ती तिमाही की तुलना में 7 प्रतिशत की वृद्धि है।

कंसल्टेंसी ने कहा है, 'हालांकि कम ब्याज दरों और तुलनात्मक तौर पर कम आवासीय कीमतों ने शुरूआत में मांग में इजाफा किया और आवासीय बिक्री में गति बनी रही, यहां तक कि मुद्रास्फीति के माहौल ने आरबीआई को रीपो दर 250 आधार अंक बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत पर पहुंचाने के लिए मजबूर किया। यह वह स्तर है जो 2016 के बाद से पार नहीं किया गया। सितंबर में मुंबई जैसे प्रमुख बाजारों के लिए पंजीकरण आंकड़े से भी घर मालिकों की संख्या बढ़ने का संकेत मिला है। वित्तीय राजधानी में पंजीकरण में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और कुल बिक्री 10,693 आवास रही। मुंबई में लक्जरी सेगमेंट में अच्छी तेजी दर्ज की गई और मध्यावधि में यह रुझान बने रहने की संभावना है।

बाजार हलचल

निफ्टी : खास है 19,300 का स्तर

पिछले सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव दिखा। बेंचमार्क नैशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी पहले दो कारोबारी सत्रों के दौरान 202 अंक तक गिर गया और फिर बाद के दो सत्रों में 217 अंक चढ़ गया। सप्ताह का समापन 19,638 के स्तर पर हुआ। पिछले सप्ताह की ही तरह निफ्टी के 19,500 अंक से नीचे गिरने के बाद जोरदार खरीदारी सामने आई। स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि असली चुनौती 19,800 के स्तर पर 20 दिनों की मूविंग एवरेज पार करने में है, जो अधिक ओपन इंटरेस्ट से मेल खाता है। 19,800 के इस स्तर को पार करना गिरावट के अंत का संकेत होगा और तब निफ्टी में 20,000 से 20,200 तक का लक्ष्य रखा जा सकता है। इसके विपरीत 19,300 और 19,250 के बीच एक महत्वपूर्ण समर्थन क्षेत्र मौजूद है। अगर निफ्टी इस सीमा से नीचे आता है, तो यह 19,000 और 18,800 तक गिर सकता है। इसलिए 19,300 और 19,800 के बीच के दायरे पर निगाह रखना महत्वपूर्ण है।

सितंबर में ज्यादा आईपीओ आए

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिहाज से सितंबर महत्वपूर्ण महीना रहा है क्योंकि आईपीओ पेश किए जाने के मद्देनजर 14 सौदों ने इसे 13 वर्षों में सबसे सक्रिय महीना बना दिया है। बाजार की सकारात्मक धारणा का लाभ उठाते हुए और अपनी वित्तीय स्थिति अपडेट करने की जरूरत से बचते हुए कंपनियों में अपने-अपने आईपीओ लाने की होड़ रही। अगर ये आईपीओ अक्टूबर में पेश किए जाते, तो कंपनियों को अपने निर्गम के दस्तावेजों को अप्रैल-जून तिमाही के आंकड़ों के साथ अपडेट करना पड़ता। इस तकनीकी वजह और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण आईपीओ की गतिविधि धीमी हो सकती थी। हालांकि बाजार के अंदरूनी सूत्र पूरी तरह से विराम लगने से इनकार करते हैं। निवेश बैंकिंग सूत्रों से पता चला है कि इस महीने करीब 3,000 करोड़ रुपये के आईपीओ कतार में हैं।

संकलन : समी मोडक और सुंदर सेतुरामन

एमसीएक्स के नए टेक प्लेटफॉर्म को मंजूरी मिली

बीएस संवाददाता
मुंबई, 8 अक्टूबर

मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) को अपना नया कमोडिटी डेरिवेटिव प्लेटफॉर्म (सीडीपी) पेश करने के लिए बाजार नियामक से मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने 28 सितंबर को इसे स्थगित कर दिया था।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह प्लेटफॉर्म पेश किए जाने की मंजूरी दी थी, क्योंकि चेन्नई फाइनैंशियल मार्केट्स ऐंड अकाउंटेबिलिटी (सीएफएमए) ने सीडीपी पर लिखित याचिका दायर की थी और यह मामला मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है।

सबसे बड़े कमोडिटी डेरिवेटिव एक्सचेंज एमसीएक्स ने कहा कि उसने सीएमएफए द्वारा शिकायतों पर अपना जवाब सेबी को सौंप दिया है और नियामक की तकनीक सलाहकार समिति ने इस मामले पर आगे बढ़ने की अनुमति दे दी है।

एमसीएक्स ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा, 'सेबी की तकनीक सलाहकार समिति ने सुझाव दिया है कि एमसीएक्स और एमसीएक्ससीसीएल सीडीपी के साथ गो-लाइव हो सकते हैं और इसकी प्रस्तावित तारीख के बारे में सेबी को अवगत करा सकते हैं। इसके बाद सेबी ने डीसीपी के प्रस्तावित गो-लाइव को स्थगित रखने के संबंध में एमसीएक्स और एमसीएक्ससीसीएल को दिए गए अपने निर्देशों को वापस ले लिया है।'

एफपीआई ने 8,000 करोड़ रु. के शेयर बेचे

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने डॉलर की बढ़त और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में लगातार वृद्धि के कारण अक्टूबर के पहले सप्ताह में 8,000 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई शुद्ध विक्रेता बने रहे और उन्होंने 14,767 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक पिछले छह महीनों में लगातार लिवाली कर रहे थे और इस अवधि के दौरान 1.74 लाख करोड़ रुपये भारतीय शेयर बाजार में आए।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आने वाले वक्त में डॉलर की मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल के संदर्भ में एफपीआई के जल्द बाजार में खरीदार बनने की संभावना नहीं है। आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने 6 अक्टूबर तक 8,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। भारत इस साल एफपीआई को आकर्षित करने में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन सितंबर में बिकवाली देखी गई और अक्टूबर की शुरुआत भी इसी रुझान के साथ हुई है।

एफपीआई की बिकवाली की भरपाई काफी हद तक घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की खरीदारी से हुई। *भाषा*

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

SUNITA

SUNITA TOOLS LIMITED

Please scan this QR Code to view the Prospectus dated September 20, 2023

Corporate Identity Number is U29220MH1988PLC045850

Our Company was incorporated as Sunita Tools Private Limited on January 12, 1988 under the Companies Act, 1956 with the Registrar of Companies, Mumbai bearing Registration number 045850. The status of the Company was changed to public limited and the name of our Company was changed to Sunita Tools Limited vide Special Resolution dated April 12, 2023. The fresh certificate of incorporation consequent to conversion was issued on April 28, 2023 by the Registrar of Companies, Mumbai. The Corporate Identification Number of our Company is U29220MH1988PLC045850. For further details, please refer to the chapter "History and Certain Corporate Matters" beginning on page no. 109 of this Prospectus.

Registered Office: Survey No. 66, Plot No. A, Valiv, Sativali Road, Vasai East, Palghar, Thane 401208
Tel No.: +91 9136019995; **Email:** info@sunitatools.com; **Website:** www.sunitatools.com; **Contact Person:** Rupal Dedhia, Company Secretary and Compliance Officer.

OUR PROMOTERS: SANGEETA PANDEY, SANJAY KUMAR PANDEY, SATISH KUMAR PANDEY AND RAGINI PANDEY

"The Issue is being made in accordance with Chapter IX of the SEBI ICDR Regulations (IPO of Small and Medium Enterprises) and the Equity Shares are proposed to be listed on the SME Platform of BSE Limited ("BSE").

BASIS OF ALLOTMENT

INITIAL PUBLIC OFFER OF 15,20,000 EQUITY SHARES OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF SUNITA TOOLS LIMITED ("STL" OR THE "COMPANY") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 145 PER SHARE (THE "ISSUE PRICE"), AGGREGATING TO ₹ 2,204.00 LAKHS ("THE ISSUE"), CONSISTING OF FRESH ISSUE OF 13,20,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ 1,914.00 LAKHS AND AN OFFER FOR SALE OF 2,00,000 EQUITY SHARES COMPRISING OF 66,600 BY SANJAY KUMAR PANDEY, 66,600 BY SATISH KUMAR PANDEY AND 66,800 BY RAGINI PANDEY ("THE PROMOTERS SELLING SHAREHOLDERS" OR "THE SELLING SHAREHOLDERS") AGGREGATING TO ₹ 290.00 LAKHS ("OFFER FOR SALE"), OF WHICH 78,000 EQUITY SHARES OF ₹ 10 EACH WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY AGGREGATING MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THAN THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 14,42,000 EQUITY SHARES OF ₹ 10 EACH IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 27.02% AND 25.64% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF THE COMPANY.

THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS Rs. 10/- AND THE ISSUE PRICE IS 14.5 TIMES OF THE FACE VALUE
FIXED PRICE ISSUE AT Rs.145/- PER EQUITY SHARE
MINIMUM APPLICATION SIZE OF 1,000 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 1,000 EQUITY SHARES THEREAFTER

BID/ ISSUE PERIOD — **BID/ISSUE OPENED ON: TUESDAY, SEPTEMBER 26, 2023** — **BID/ISSUE CLOSES ON: TUESDAY, OCTOBER 03, 2023**

RISK TO INVESTORS:

1. Our Equity Shares have never been publicly traded, and may experience price and volume fluctuations following the completion of the Issue. Further, our Equity Shares may not result in an active or liquid market and the price of our Equity Shares may be volatile and you may be unable to resell your Equity Shares at or above the Issue Price or at all.
2. The average cost of acquisition of Equity Shares by our Promoters is as follows:

Sr. No.	Name of the Promoters	Average cost of Acquisition (in Rs.)
I.	Sanjay Kumar Pandey	9.47
II.	Sangeeta Pandey	10.00
III.	Satish Kumar Pandey	9.42
IV.	Ragini Pandey	10.00

3. Weighted Average Cost of Acquisition calculated (on fully diluted basis for the trailing eighteen months) from the date of the Prospectus.

Types of transactions	Weighted average cost of acquisition (Rs. per Equity Shares)	Issue Price (₹ 145/- per Equity Share)
Weighted average cost of acquisition of primary / new issue of shares.	10.00	14.50 times
Weighted average cost of acquisition for secondary sale / acquisition of shares.	NA	NA

There was no secondary sale/acquisition (exceeding 5% of pre issue capital) of shares in last 18 months of the date of Prospectus

Investors are required to refer section Investors are required to refer section titled "Risk Factors" on page 22 of the Prospectus.

PROPOSED LISTING: Wednesday October 11, 2023*

This issue is being made in terms of Chapter IX of the Securities Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 as amended ("SEBI (ICDR) Regulations"). in terms of rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended, this is an issue for at least 25% of the post-issue paid-up equity share capital of our Company. This issue is a fixed price issue and allocation in the net issue to the public will be made in terms of regulation 253 of the SEBI (ICDR) regulations. For further details, please refer chapter titled "issue procedure" beginning on page 197 of the prospectus dated September 20, 2023.

* Subject to the receipt of listing and trading approval from BSE Limited ("BSE").

SUBSCRIPTION DETAILS

The Net Issue has received 15,636 applications for 1,85,28,000 Equity Shares resulting in 12.19 times subscription. The details of the applications received in the Net Issue (After removing multiple and duplicate bids, bids (UPI Mandates) not accepted by investors/ blocked, bids rejected under application banked but bid not registered and valid rejections cases from the 'Bid Book') are as follows:

Detail of the Valid Applications Received

S. No.	Category	No. of Applications	No. of Equity Shares applied	Equity Shares Reserved as per Prospectus	No. of times Subscribed	Amount (Rs.)
1	Market Maker	1	78,000	78,000	1.00	1,13,10,000
2	Non-Retail Investor's	1,045	38,60,000	7,21,000	5.35	55,97,00,000
3	Retail Individual Investor's	14,590	1,45,90,000	7,21,000	20.24	2,11,55,50,000
	Total	**15,636**	**18,528,000**	**15,20,000**	12.19	**2,68,65,60,000**

The Basis of allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange, being BSE Limited (BSE) on October 05, 2023 and In view of the explanation provided under regulations 253 (2) of the SEBI (ICDR) Regulation, 2018, the Retail Category has applied for 79.08% and 20.87% by Non -Retail Investor; accordingly, we have derived the issue size for different categories. Further, owing to rounding off, an additional share has been proportioned to be allotted in retail investors

1. Allotment to Market Maker (After Technical Rejections): The Basis of Allotment to the Market Maker, at the Issue Price of ₹145 per Equity Share, was finalised in consultation with BSE Limited. The category was subscribed by 1.00 times. The total number of shares allotted in this category is 78,000 Equity Shares. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under:

No. of Shares Applied for (Category Wise)	No. of Applications Received	% of Total	Total No. of Shares Applied in Each Category	% of Total	No of Equity shares Allocated per Applicant	Ratio	Total No. of Shares Allotted
78,000	1	100.00	78,000	100.00	78,000	1:1	78,000

2. Allotment to Non-Retail Investor's (After Technical Rejections): The Basis of Allotment to the Non – Retail Investors, at the Issue Price of ₹145 per Equity Share, was finalised in consultation with BSE Limited. The total number of shares allocated in this category is 3,01,000 Equity Shares. The category was subscribed by 12.82 times. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under (sample basis):

No. of Shares Applied for (Category Wise)	No. of Applications Received	% of Total	Total No. of Shares Applied in Each Category	% of Total	No of Equity shares Allocated per Applicant	Ratio	Total No. of Shares Allotted
2,000	844	80.77	16,88,000	43.73	1,000	33:211	1,32,000
3,000	52	4.98	1,56,000	4.04	1,000	3:13	12,000
4,000	31	2.97	1,24,000	3.21	1,000	10:31	10,000
5,000	12	1.15	60,000	1.55	1,000	5:11	5,000
6,000	13	1.24	78,000	2.02	1,000	6:13	6,000
7,000	41	3.92	2,87,000	7.44	1,000	22:41	22,000
8,000	6	0.57	48,000	1.24	1,000	2:3	4,000
9,000	2	0.19	18,000	0.47	1,000	1:2	1,000
10,000	14	1.34	1,40,000	3.63	1,000	11:14	11,000
11,000	1	0.10	11,000	0.28	1,000	1:1	1,000
12,000	2	0.19	24,000	0.62	1,000	1:1	2,000
15,000	5	0.48	75,000	1.94	1,000	11	5,000
15,000*					1,000	1:5	1,000
17,000	4	0.38	68,000	1.76	1,000	1:4	4,000
17,000*					1,000	1:1	1,000
18,000	1	0.10	18,000	0.47	1,000	1:1	1,000
20,000	3	0.29	60,000	1.55	1,000	1:3	3,000
20,000*					1,000	1:1	2,000
25,000	1	0.10	25,000	0.65	2,000	1:1	2,000
26,000	1	0.10	26,000	0.67	2,000	1:1	2,000
32,000	1	0.10	32,000	0.83	2,000	1:1	2,000
34,000	1	0.10	34,000	0.88	3,000	1:1	3,000
35,000	1	0.10	35,000	0.91	3,000	1:1	3,000
36,000	1	0.10	36,000	0.93	3,000	1:1	3,000
40,000	1	0.10	40,000	1.04	3,000	1:1	3,000
49,000	1	0.10	49,000	1.27	4,000	1:1	4,000
51,000	1	0.10	51,000	1.32	4,000	1:1	4,000
65,000	1	0.10	65,000	1.68	5,000	1:1	5,000
85,000	2	0.19	1,70,000	4.40	6,000	1:1	12,000
85,000*					1,000	1:2	1,000
97,000	1	0.10	97,000	2.51	7,000	1:1	7,000
3,45,000	1	0.10	3,45,000	8.94	27,000	1:1	27,000
TOTAL	**1,045**	**100**	**38,60,000**	**100**			**3,01,000**

*Note: Additional lot of 1000 shares have been allotted to categories 15000, 17000, 20000, & 85000 in the ratio of 1:5, 1:1, 1:1 & 1:2 respectively.

3. Allotment to Retail Individual Investors (After Technical Rejections): The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, at the Issue Price of ₹145 per Equity Share, was finalised in consultation with BSE Limited. The total number of shares allocated in this category is 11,41,000 Equity Shares. The category was subscribed by 12.79 times. The category-wise details of the Basis of Allotment are as under:

No. of Shares Applied for (Category Wise)	No. of Applications Received	% of Total	Total No. of Shares Applied in Each Category	% of Total	No of Equity shares Allocated per Applicant	Ratio	Total No. of Shares Allotted
1,000	14,590	100.00	1,45,90,000	100.00	1,000	14:179	11,41,000

The Board of Directors of the Company at its meeting held on October 06, 2023, has taken on record the Basis of Allotment of Equity Shares, as approved by the Designated Stock Exchange viz. BSE Limited and has authorized the corporate action for the allotment of the Equity Shares to various successful applicants.

The CAN-cum-Refund Orders and allotment advice and/or notices are being dispatched to the address of the Applicants as registered with the depositories as filled in the application form. Further, the instructions to Self Certified Syndicate Banks were being processed on October 06, 2023. In case the same is not received within ten days, investors may contact the Registrar to the issue at the address given below. The Equity Shares allocated to successful applicants shall be uploaded on October 09, 2023 for credit into the respective beneficiary accounts subject to validation of the account details with depositories concerned. The Company is in the process of obtaining approval from BSE Limited and the trading of the equity shares is expected to commence trading on October 11, 2023.

Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated September 20, 2023 ("Prospectus").

INVESTOR PLEASE NOTE

The details of the allotment made has been hosted on the website of the Registrar to the Issue, KFIN Technologies Limited at Website: www.kfintech.com

All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/Sole Bidder Serial number of the ASBA Form, Number of Equity Shares bid for, Bidder DP ID, Client ID, PAN, date of submission of the Bid cum Application Form, address of the Bidder, the name and address of the Designated Intermediary where the Bid cum Application Form was submitted and copy of the acknowledgement Slip received from the Designated Intermediary and payment details at the address given below:

KFINTECH — EXPERIENCE TRANSFORMATION

KFIN TECHNOLOGIES LIMITED
Selenium Tower-B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad – 500 032, Telangana
Tel No.: +91 40 6716 2222; **Email:** cpl.ipo@kfintech.com; **Website:** www.kfintech.com; **Investor Grievance Email:** einward.ris@kfintech.com; **Contact Person:** M. Murali Krishna; **SEBI Registration No.:** INR000000221

For Sunita Tools Limited
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Satish Kumar Pandey
Managing Director
DIN: 00158327

Date: October 07, 2023
Place: Thane

LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARE ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF SUNITA TOOLS LIMITED.

Declaimer: SUNITA TOOLS LIMITED has filled the Prospectus dated September 20, 2023 with the Registrar of Companies, Mumbai SEBI and the Stock Exchange. The Prospectus is available on the website of the Lead Manager at www.afsl.co.in and Company at www.sunitatools.com.and shall also be available on the website of the BSE and SEBI. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high risk and for the details relating to the issue, please see "Risk Factors" beginning on page 22 of the Prospectus.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act 1933, as amended (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation under the Securities Act and applicable laws of each jurisdiction where such Issue and sales are made. There will be no public issuing in the United States.

Communicate India